बिहार सरकार
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
प्राचार्य का कार्यालय

# मुजफ्फरपुर इंस्टिच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी

मुजफ्फरपुर – 842003

पत्रांकः 276

मुजफ्फरपुर, दिनांकः 20 / 11 / 2025

## सूचना

सभी अभिभावकों को ससम्मान अवगत कराया जाता है कि आपके बच्चे की शैक्षणिक प्रगति, उपस्थिति, अनुशासन, कक्षा में प्रदर्शन तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हेतु अभिभावक–शिक्षक बैठक (PFM) का आयोजन दिनांक 06/12/2025 को प्रातः 10:00 बजे संस्थान (MIT, Muzaffarpur) परिसर में किया जा रहा है।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों एवं शिक्षकों के मध्य रचनात्मक संवाद स्थापित करना, विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं एवं चुनौतियों को बेहतर ढंग से समझना तथा उनके समग्र विकास हेतु आवश्यक सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान करना है।

बैठक के दौरान संबंधित विषय अध्यापक एवं विभागीय समन्वयक विद्यार्थियों की प्रगति रिपोर्ट, उपस्थिति तथा अनुशासन संबंधी बिंदुओं की जानकारी अभिभावकों के साथ साझा करेंगे।

अतः सभी अभिभावकगण से विनम्र अनुरोध है कि वे समय पर उपस्थिति होकर बैठक में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें और अपने बच्चे के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में संस्थान को सहयोग प्रदान करें।

20/11/25

प्राचार्य
एम.आई.टी.,मुजफ्फरपुर।

20.11.25